# द बगि पकि्चर:इज़रायल-फलिसि्तीन संघर्ष

## चर्चा में क्यों?

भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों ने इज़रायल और फलिसि्तीनी उग्रवादियों के बीच बढ़ते तनाव और हिंसा के मध्य शांतिऔर संयम बरतने का आह्वान किया है।

- हिंसा शुरू होने के बाद हुए संघर्ष और हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए हैं, जिसमें इज़रायल में एक 30 वर्षीय भारतीय महिला भी शामिल है, जो गाजा से फलिसि्तीनी आतंकवादियों द्वारा रॉकेट हमले में मारी गई।

## प्रमुख बिंदु:

- **भारत का रुख:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने यरुशलम में झड़पों और हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की और दोनों पक्षों से स्थिति को बदलने का आह्वान किया।
    - संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने तत्काल शांति वार्ता फिर से शुरू करने और दो राज्यों के समाधान हेतु प्रतिबद्धता पर बल दिया।
- **अमेरिका का पक्ष:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई लोगों की जान लेने वाली इस घातक हिंसा को समाप्त करने का भी आह्वान किया है।
- **हालाँकि अमेरिका ने कहा कि अगर इज़रायल पर रॉकेटों से हमला किया जाता है तो उसे अपनी रक्षा करने का अधिकार है।**
- **अरब दुनिया की प्रतिक्रिया:** ईरान, कतर और तुर्की पूरी तरह से फलिसि्तीन का समर्थन करते हैं और हमास का समर्थन कर रहे हैं।

## इज़रायल-फलिसि्तीन

- **विवाद:** यह यरुशलम के प्रतीक और भूमि को लेकर सदियों पुराने संघर्ष से जुड़ा है।
    - वर्ष 1948 के पहले अरब-इज़रायल युद्ध में इज़रायल ने शहर के पश्चिमी आधे हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया, और जॉर्डन ने पूर्वी हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया, जिस पर बाद में इज़रायल ने कब्जा कर लिया।
        - तब से इज़रायल ने पूर्वी यरुशलम में बस्तियों का विस्तार किया है।
        - फलिसि्तीनी पूर्वी यरुशलम को राजधानी बनाना चाहते हैं।
        - इज़रायल पूरे शहर को अपनी "एकीकृत, शाश्वत राजधानी" के रूप में देखता है, जबकि फलिसि्तीनी नेतृत्व इस संबंध में किसी भी समझौते से इनकार करता है जब तक कि पूर्वी यरुशलम को भविष्य के फलिसि्तीनी राज्य की राजधानी के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है।
    - फलिसि्तीनियों को पूर्वी यरुशलम के पास स्थित शेख जर्राह से बेदखल होने के खतरे का सामना करना पड़ रहा है।
        - हाल ही में इज़रायली सशस्त्र बलों ने यरुशलम में ज़ायोनी राष्ट्रवादियों द्वारा वर्ष 1967 में शहर के पूर्वी हिस्से पर इज़रायल के कब्ज़ेको स्मरण करते हुए निकाले जाने वाले मार्च से पहले यरुशलम के हरम अस-शरीफ में अल-अक्सा मस्जिद पर हमला कर दियागया।
        - अल अक्सा मस्जिद मक्का और मदीना के बाद इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र धर्मस्थल है।
        - इसने पूरे क्षेत्र में इस्लाम के अनुयायियों में भय पैदा कर दिया और कट्टरपंथियों ने अल अक्सा मस्जिद की रक्षा हेतु आह्वान करना शुरू कर दिया।
    - वर्ष 2021 की शुरुआत में पूर्वी यरुशलम के केंद्रीय न्यायालय ने यहूदी एजेंसियों के पक्ष में अपने निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें न्यायालय ने चार फलिसि्तीनी परिवारों को शेख जर्राह से बेदखल होने के पक्ष में निर्णय दिया था।
        - यह समस्या अभी भी अनसुलझी है जो गंभीर बनी हुई है।
    - हिंसा का वर्तमान स्वरुप वर्ष 2014 के बाद से सबसे गंभीर है जिसमें फलिसि्तीनियों द्वारा रॉकेट-फायरिंग और जवाबी कार्रवाई में इज़रायलियों द्वारा किये गए हवाई हमले शामिल हैं।

// 


## संघर्ष को भड़काने वाले कारक:

- **फलिस्तिीन में हमास शासन: हमास वर्ष 1987 में खोजी गई मस्रि के मुस्लमि ब्रदरहुड की हसिक शाखा है, जो हसिक जहिाद के माध्यम से "फलिस्तिीन के हर इंच पर अल्लाह के झंडे को ऊपर उठाने" की मांग कर रहा है।**
  - हमास फलिस्तिीनयिों का अधकि कट्टरपंथी गुट है जसिने अब जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।
  - फलिस्तिीन की तथाकथति राष्ट्रपत सित्ता न तो चुनाव करा रही है, न ही ठीक से काम कर रही है, हमास की तानाशाही और सीमाओं पर इज़रायल की घेराबंदी फलिस्तिीनयिों को परेशान कर रही है।
- **दोनों राज्यों में राजनीतकि अस्थरिता:** दोनों पक्षों में नेतृत्व संरचनाओं में अक्षमता और ठहराव है, जसिसे बहुत से समूह नयिंत्रण से बाहर हो रहे हैं, जो हसिा का सहारा ले रहे हैं।
  - इसके अलावा पछिले दो वर्षों में इज़रायल में 4 चुनाव हुए हैं और वे सभी अनर्णिायक थे। इज़रायल के प्रधानमंत्री ने अपना पद बरकरार रखा है लेकनि केवल कार्यवाहक रूप में।
- **वभिाजति इज़रायल:**
  - अरब इज़रायली जो आबादी का सरिफ 20% हैं, समान जातीयता के कारण फलिस्तिीनयिों के साथ हैं।
  - अरब इज़रायली और इज़रायल के दूर-दराज़ के समुदाय देश के अंदर गृहयुद्ध जैसी गतवििधियिों में लप्ति हैं।
- **फलिस्तिीनयिों से संबंधति मुद्दे: फलिस्तिीनी लोगों की भावनाएँ भी बदल रही हैं, उनमें से अधकिांश का कहना है कि वे द्वरिाज्य समाधान नहीं चाहते हैं।**
  - यह भी तय नहीं है कि हमास फलिस्तिीनी राज्य या फतह पर शासन करेगा या इनमें से कसिी पर भी नहीं करेगा।
    - फलीस्तीनी हमास और फतह के बीच एक दूरी रही है और वे दोनों अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ रहे हैं जो कि अंतमि फलिस्तिीनी हार का मुख्य कारण है।
    - संयुक्त फलिस्तिीन अरब दुनयिा और अन्य देशों की मदद से अब जतिना हासलि कर रहा है, उससे कहीं अधकि हासलि कर सकता था।
  - वे भौगोलकि रूप से इज़रायली क्षेत्र से अलग हो गए हैं इसलयि यह अब एक व्यवहार्य राज्य नहीं है, साथ ही यहूदी हाथों में जाने वाली भूमि संबंधी मुद्दा फलिस्तिीनयिों को और अधकि परेशान कर रहा है।
- **अमेरकिा इस क्षेत्र में अपना महत्त्व खो रहा है:** अमेरकिा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परषिद में फलिस्तिीनी कारणों से होने वाली बैठक को रोक रहा है और पूरी तरह से इज़रायल के बचाव के अधकिारों को मान्यता देता है।

- अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा यरुशलम को इज़रायल की वास्तविक राजधानी के रूप में मान्यता देना भी एक बड़ी समस्या बन गई।
- राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका का इज़रायल के संबंध में अभी स्पष्ट रुख ज्ञात नहीं हुआ है, जबकि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने स्पष्ट रूप से इज़रायल का समर्थन किया था।
- हालाँकि अमेरिका में मौजूदा प्रशासन ने तटस्थ रहने की बात कही है, लेकिन उसने इस संघर्ष में ज़्यादा कूटनीतिक ऊर्जा का निवेश नहीं किया है।

## आगे की राह:

- **नेतृत्व में परिवर्तन:** दोनों राज्यों की राजनीति में नेतृत्व और पीढ़ीगत परिवर्तन वास्तव में बहुत महत्त्वपूर्ण है।
  - इज़रायल और फिलीस्तीनी दोनों प्रधानमंत्री काफी लंबे समय से सत्ता में हैं। क्योंकि सत्ता के लिये घरेलू अस्तित्व की राजनीति और अपने पद पर बने रहने की इच्छा इस क्षेत्र और उसके लोगों के व्यापक हित पर हावी है।
  - नई पीढ़ी के आने से द्वि-राज्य के समाधान हेतु पुनर्विचार की उम्मीद है।
  - साथ ही हमास को संयम में लाना बहुत आवश्यक है।
- **अनुपातहीन प्रतिशोध को रोकना:** दोनों राज्यों की एक निश्चित सीमा होनी चाहिये, जिस तक वे जवाबी कार्रवाई कर सकें, बल का अनुपातहीन उपयोग कोई समाधान नहीं है, यह केवल आतंकवाद और उग्रवाद पैदा करेगा।
- **क्षेत्रीय शक्तियों की भूमिका:** सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जैसे क्षेत्रीय देशों के पास संभवतः अमेरिका की तुलना में शांतिवार्ता हेतु बेहतर मार्ग उपलब्ध हैं। अमेरिका का इस क्षेत्र पर उतना नियंत्रण नहीं है, जितना पहले हुआ करता था।
  - कतर और मिस्र पहले से ही शांति हेतु मिलकर काम कर रहे हैं।
- **भारत की भूमिका:** भारत का मानना है कि इस क्षेत्र में स्थिरता लाने और इस दशकों पुराने संघर्ष को समाप्त करने के लिये शांतिवार्ता ही एकमात्र रास्ता है।
  - भारत के दोनों राज्यों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और वह फिलिस्तीन का समर्थन करता है लेकिन एक को दूसरे के ऊपर चुनना बुद्धिमानी नहीं है।
  - फिलिस्तीन चाहता है कि भारत वार्ताकार के रूप में कार्य करे क्योंकि उनका विश्वास अमेरिका, चीन या रूस पर ज्यादा नहीं है।

## निष्कर्ष:

- धरातल पर स्थिति वास्तव में बहुत खराब है, तनाव बढ़ता जा रहा है और इसमें शामिल जटिल मुद्दों को देखते हुए यह समस्या निकट भविष्य में सुलझती नहीं दिख रही है।
- शांतिवार्ता कम-से-कम 2 दशकों से हो रही है लेकिन यह व्यर्थ है। हालाँकि शांतिवार्ता के लिये भारत का रुख अभी भी कायम है।
- दोनों पक्षों को एक संभावित समाधान पर पहुँचना होगा जो आपसी हित में हो लेकिन यह केवल बातचीत से हो सकता है, न कि रक्तपात से।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-big-picture-israel-palestine-conflict